# नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय में संचालक अनुसंधान सेवाएं डॉ. श्रीकांत जोशी का विदाई समारोह संपन्न



नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर में संचालक अनुसंधान सेवाएं डॉ. श्रीकांत जोशी के सेवानिवृत्त होने पर उनके सम्मान में एक गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के माननीय कुलगुरु डॉ. मनदीप शर्मा, कुलसचिव डॉ. एस.एस. तोमर, लेखानियंत्रक श्री गोटिया जी, संचालक शिक्षण डॉ. मधु स्वामी, संचालक विस्तार सेवाएं डॉ. सुनील नायक, संचालक प्रक्षेत्र डॉ. जी.पी. लखानी, अधिष्ठाता डॉ. राजेश शर्मा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. आदित्य मिश्रा, संचालक गण, शिक्षकगण, वैज्ञानिक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

समारोह में कुलगुरु डॉ. मनदीप शर्मा ने डॉ. जोशी के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि डॉ. जोशी मैं विश्वविद्यालय के विभिन्न पदों जैसे कुलसचिव, संचालक शिक्षण एवं संचालक अनुसंधान सेवाओं का कार्य बहुत ही कुशलता से किया उनके कुशल नेतृत्व में विश्वविद्यालय की अनुसंधान गतिविधियों को नई दिशा मिली। पशु चिकित्सा एवं पशुपालन क्षेत्र में अनुसंधान को प्रोत्साहन देने तथा शोध परियोजनाओं को सुदृढ़ बनाने में उनका योगदान उल्लेखनीय रहा। अपने उद्‌बोधन में डॉ. श्रीकांत जोशी ने विश्वविद्यालय परिवार के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें यहां कार्य करने का अवसर मिलना उनके लिए गर्व की बात रही है। विश्वविद्यालय के द्वारा जो भी जिम्मेदारी मुझे दी गई उसको पूर्ण करने का भरपूर प्रयास किया उन्होंने विश्वास जताया कि विश्वविद्यालय भविष्य में भी अनुसंधान एवं शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुएगा।



कार्यक्रम के अंत में माननीय कुलगुरु डॉ. मनदीप शर्मा द्वारा डॉ. जोशी को स्मृति चिन्ह एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस कार्यक्रम का संचालन डॉ. पूनम शाक्या के द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम के अंत में डॉ. आर. पी. सिंह के द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी महानुभावों को कार्यक्रम सफल बनाने हेतु धन्यवाद दिया गया।